दिनांक 16 अगस्त 2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

स्वतंत्रता दिवस के 74 वें वर्षगाठ पर नगर पालिक निगम भिलाई में पूरे सम्मान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

भिलाईनगर/ स्वतंत्रता दिवस के 74 वें वर्षगाठ पर नगर पालिक निगम , भिलाई में पूरे सम्मान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा। निगम मुख्य कार्यालय प्रांगण में सर्वप्रथम लोक कर्म प्रभारी श्री नीरज पाल, आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी , अधीक्षण अभियंता सत्येंद्र सिंह , उपायुक्त अशोक द्विवेदी एवं तरुण पाल लहरें, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा सहित निगम के अधिकारी/कर्मचारियों ने ध्वजारोहण स्थल पर भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना किए! तत्पश्चात महापौर परिषद के सदस्य एवं लोक कर्म प्रभारी श्री नीरज पाल ने आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी एवं निगम के अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता दिवस की सभी को बधाई दी! निगम मुख्यालय में पूर्व से ही स्वतंत्रता दिवस की व्यापक तैयारी की गई थी! निगम मुख्यालय सहित जोन कार्यालय में साफ सफाई चुना मार्किंग , रंगीन झालर लाइट , झाड़ियों की कटाई की गई! निगम क्षेत्र के चौक चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई कराई गई साथ ही कुछ स्थानों पर रेलिंग इत्यादि को सुधार कर संधारण किया गया! निगम के जोन कार्यालय में प्रातः 7:00 बजे जोन अध्यक्ष, जोन क्रमांक 4 एवं सभापति पी श्याम सुंदर राव ,जोन अध्यक्ष भोजराज सिन्हा जोन क्रमांक 1, परमजीत सिंह लाडी जोन क्रमांक 2, पी श्रीनिवास राव जोन क्रमांक 3, सूर्यकांत सिन्हा जोन क्रमांक 5, जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, सुनील अग्रहरी, पूजा पिल्ले, प्रीति सिंह, महेंद्र पाठक, वाहन शाखा में महापौर परिषद के सदस्य एवं वाहन शाखा प्रभारी जोहन सिन्हा के द्वारा अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया एवं निगम मुख्य कार्यालय में प्रातः 7:30 बजे ध्वजारोहण श्री नीरज पाल के द्वारा किया गया!

महापौर ने शहरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की दी बधाई

कोरोना संक्रमण की दस्तक के बाद से नगर निगम के जरूरी कार्यों सहित लगातार कोरोना के खिलाफ अभियान चलाने वाले महापौर श्री देवेंद्र यादव स्वास्थ्य लाभ के चलते एहतियातन के तौर पर आइसोलेट है! उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर शहर वासियों को बधाई दी है! उन्होंने अपने संदेश में कहा कि शहर के सफाई कामगारों समेत कोरोना से जंग लड़ रहे नगर निगम , जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग की टीम का आभार है! उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि सभी के सहभागिता से कोरोना की हार होगी! कर्मचारी संघ कार्यालय में भी हुआ ध्वजारोहण कर्मचारी संघ कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया! निगमायुक्त श्री रघुवंशी ने यहां कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की

उपस्थिति में ध्वजारोहण किया! उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव सजग रहने को कहा।